OM-22 - 2021 FINAL FILE_Page 1 and 2 10/02/2021 5:06 PM Page 1


# ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष-23 अंक-23 मार्च-I-2021 (पाक्षिक) माउण्ट आबू Rs. 8.50


## ब्रह्मा द्वारा स्थापित विश्व विद्यालय ला रहा आध्यात्मिक क्रान्ति

- ब्रह्मा समान बनने का लक्ष्य ले अंधकार मिटाये मानव - स्वामी दिव्य देव
- बाबा की शिक्षाओं से मनोविकारों पर विजय की मिलती प्रेरणा- डॉ. दास
- लाखों ब्रह्मावत्सों के सम्पूर्ण ब्रह्मचर्य द्वारा विश्व परिवर्तन - ब्र.कु. निर्मला

**राँची-हरमू रोड(झारखण्ड)।** प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के 52वें पुण्य स्मृति दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वामी दिव्य देव,आचार्यकुलम प्रमुख नामकुम ने शांति स्तंभ की प्रतिकृति पर दीप प्रज्वलित करके श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि ब्रह्मा बाबा एक ऐसे विश्व व्यापी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक थे जिसके द्वारा सम्पूर्ण विश्व में



आध्यात्मिक क्रांति आ रही है तथा नव सृष्टि की रचना हो रही है। उन्होंने कहा कि विश्व की इस अंधकारमय विनाशकालीन परिस्थिति में स्वयं परमात्मा ने ब्रह्मा बाबा को आदर्श युगपुरुष बनाया। यदि मानव उनके समान बनने का लक्ष्य जीवन में धारण करे तो सहज ही विश्व का अंधकार तथा स्वयं के जीवन का अंधकार समाप्त हो जाये। डॉ. रामप्रिय दास,समन्वयक,अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ,राँची ने कहा कि मातृ शक्तियों की इस पूर्ण सक्रियता से स्वर्णिम युग शीघ्र ही इस धरती पर सभी के लिए आयेगा। एकरस गहन योग तपस्या करने के कारण ब्रह्मा बाबा आध्यात्मिक शक्ति का एक स्रोत बन गये। इसलिए आज भी उनकी शिक्षाओं से हर एक को अपने मनोविकारों पर विजय प्राप्त कर उन्हीं के समान दिव्य बनने की प्रेरणा मिलती है। सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. निर्मला बहन ने कहा कि वर्ष 1937 में असाधारण व्यक्तित्व वाले प्रजापिता ब्रह्मा बाबा को विश्व पिता शिव ने माध्यम बनाकर एक ऐसे स्वर्णिम युग की बुनियाद रखी जहाँ समानता, स्वतंत्रता, शिक्षा, स्वास्थ्य व समृद्धि होगी। अपने आदि में स्वर्णिम रहे इस विश्व में पाँच विकारों के कारण नैतिकता का ह्रास हुआ है। अभी प्रजापिता ब्रह्मा की लाखों मानस संतानों ने सम्पूर्ण ब्रह्मचर्य को दृढ़ता से अपनाकर इस विषाक्त विश्व वायुमंडल को परिवर्तन करने का बीड़ा उठाया है। कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के जीवन चरित्र पर बाल कलाकारों ने एक सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। सभी को राजयोग मेडिटेशन की गहन अनुभूति कराई गई।

### 'स्पोर्ट्स एंड नेचर लव ईच अदर' कार्यक्रम

## जीवन को सतोगुणी बनाकर ऑयल के साथ हर बचत करना सीखें



**जम्मू-बी.सी. रोड।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा ऑयल एंड गैस सक्षम अवेयरनेस - 2021 कैम्पेन के अंतर्गत 'यूथ, स्पोर्ट्स एंड नेचर लव ईच अदर' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में राजेश शर्मा,टेरिटरी मैनेजर,रिटेल,जम्मू एंड कश्मीर,लद्दाख ने कहा कि भारत पेट्रोलियम भारत की वह कम्पनी है जो भारत के ज़्यादातर नागरिकों के चूल्हे-चौक से लेकर जीवन की गाड़ी को चलाती है। उन्होंने कहा कि मानव-जीवन ऑयल व गैस के बिना असम्भव है। साथ ही उन्होंने 'सेव ऑयल, सेव फ्यूचर' का संदेश दिया। चेयरपर्सन राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुदर्शन दीदी ने कहा कि खिलाड़ी अपने समय और शक्ति का सदुपयोग करता है। सदुपयोग करने वाले का मन स्थिर रहेगा और जिसका मन स्थिर है वह हर वेस्ट चीज़ को बेस्ट बनाने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि ऑयल गैस की बचत के साथ-साथ हम अपने जीवन को ज्ञान, पवित्रता, सुख, शांति, प्रेम, आनंद और शक्ति से सतोगुणी बनाएं, फिर हम हर वस्तु की बचत भी कर सकेंगे और सुरक्षा भी। अपने क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण अवॉर्ड प्राप्त करने वाले कुलदीप हांडू ने बताया कि मेडिटेशन खिलाड़ी के लिए उतना ही ज़रूरी है जितना कि डाइट। सिंगर दीपक रघुवंशी,नेशनल सिंगर एंड म्युज़िक टीचर ने अपने सुंदर गीत के साथ कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। तनीशा गुप्ता ने बताया कि मन की एकाग्रता के लिए मेडिटेशन बहुत ही आवश्यक है। आपको एम.एस.सी. मैथमैटिक्स में सिल्वर मेडल लेने पर ट्रॉफी भेंट की गई। इस कार्यक्रम में लगभग 15 युवाओं जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्र में अवॉर्ड प्राप्त किये हैं, ने भाग लिया। ब्र.कु. निर्मल दीदी ने सभी को मेडिटेशन द्वारा शांति का अनुभव करवाया। ब्र.कु. कुसुम लता बहन ने 'यूथ एंड स्पोर्ट्स' विषय पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही ब्र.कु. रविन्दर भाई ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज का युवा ही कल के भारत की मज़बूत तकदीर और तस्वीर बनाएगा। ब्र.कु. रमल भाई ने आभार तथा ब्र.कु.नेहा ने मंच संचालन किया।

**कार्यक्रम में विशेष...**

- राजेश शर्मा ने 'सेव ऑयल, सेव फ्यूचर' का दिया संदेश
- मेडिटेशन, खिलाड़ी के लिए डाइट जितना ज़रूरी - हांडू
- मेहमानों तथा युवाओं को ट्रॉफी से किया गया सम्मानित

## मज़बूत आत्मबल से भयानक बीमारी पर भी नियंत्रण संभव

### 'मेरा भारत व्यसन-मुक्त भारत अभियान' के तहत कैंसर दिवस पर पुलिस लाइन में कार्यक्रम

- विश्व कैंसर दिवस पर व्यसन से मुक्ति का सभी ने लिया संकल्प
- ब्र.कु. शान्ता ने मन को शांत रखने के लिए दिया पंच सूत्रीय मंत्र

**हाथरस-आनंदपुरी कॉलोनी(उ.प्र.)।** ब्रह्माकुमारीज़ के 'मेरा भारत व्यसन-मुक्त भारत अभियान' के अन्तर्गत विश्व कैंसर दिवस पर पुलिस लाइन में 'वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के



रूप में सम्बोधित करते हुए ब्र.कु. शान्ता बहन ने कहा कि कैंसर जैसी भयानक बीमारी भले हो लेकिन आत्मबल कमज़ोर न होने दिया जाये तो बीमारी पर नियंत्रण किया जा सकता है। ऐसे बहुत से उदाहरण संसार में मिलते हैं। इसमें राजयोग का अपना विशिष्ट योगदान है। उन्होंने गाइडेड कॉमेन्ट्री द्वारा राजयोग का अभ्यास भी कराया। तम्बाकू से होने वाली हानियों तथा आत्म-दर्शन, परमात्म-दर्शन, योग-दर्शन की जानकारी विडियो फिल्म के माध्यम से ब्र.कु दिनेश ने दी। बागला सिविल हॉस्पिटल के वरिष्ठ डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि कैंसर केवल तम्बाकू से ही नहीं, किसी भी प्रकार से शरीर के किसी भी अंग में हो सकता है। उन्होंने चालीस साल के बाद शरीर की नियमित जाँच कराये जाने की सलाह दी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में 'वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन' की अध्यक्ष तन्वी जायसवाल ने कहा कि महिलायें शरीर की जाँच को यह सोचकर कि बिना वजह पैसे खराब होंगे, नहीं करतीं। जिसका परिणाम बाद में गंभीर बीमारी के रूप में भुगतना पड़ता है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पुलिस क्षेत्राधिकारी शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर ब्र.कु. नीतू, ब्र.कु.गजेन्द्र, आर.आई. पुलिस बिहारी सिंह यादव, पी. टी.आई. श्रीकृष्ण कुमार सहित तमाम पुलिस इंस्पेक्टर, अधिकारी तथा पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। लायन्स क्लब के पूर्व गवर्नर अशोक कपूर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## राजयोग मेडिटेशन से रूह का शुद्धिकरण



**कामठी-रनाला (महा.)।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा विशेष मुस्लिम भाइयों के लिए आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में प्राकृतिक चिकित्सक व मशहूर वक्ता ब्र.कु. डॉ. जमीला बहन ने 'सबका मालिक एक' विषय पर कहा कि यह कयामत का समय है और खुदा धरती पर अवतरित होकर बहिश्त स्थापन करने का गुप्त कार्य कर रहे हैं। हमें राजयोग मेडिटेशन के द्वारा मन को एकाग्र करके रूह का शुद्धिकरण करना है जिससे हमारा तन-मन दोनों स्वस्थ होगा और हम फिर से धरा पर बहिश्त कहो या स्वर्ग कहो, उसकी पुनर्स्थापना कर सकेंगे। यह कार्य ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा हो रहा है। साथ ही उन्होंने सभी को राजयोग मेडिटेशन भी कराया। मौके पर प्रमुख रूप से हिंदू-मुस्लिम एकता मंच के अध्यक्ष व नगर परिषद के पूर्व अहफ़ाज़ अहमद ठेकेदार, जमाल भाई, रनाला ग्राम पंचायत के उपसरपंच नागोराव साबले, जमात-ए-इस्लामी के अध्यक्ष मज़हर इमाम शेख, प्रत्रकार वाजिद अली, मोइनुल हसन, लतीफा बेगम आदि उपस्थित रहे। कुछ भाई-बहनों ने ऑनलाइन जुड़कर कार्यक्रम का लाभ लिया। सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. प्रेमलता दीदी ने सभी का स्वागत तथा आभार किया और आगे ऐसे ही सकारात्मक कार्य मिलकर करने की उम्मीद जताई।